**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 561**
**25 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**शहरी विकास निधि के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण को वितरित धनराशि**

561. **श्री योगेन्द्र चांदोलियाः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण को शहरी अवसंरचना निधि (यूडीएफ) के अंतर्गत कुल कितनी धनराशि वितरित की गई; और

(ख) इस योजना के माध्यम से वर्तमान में वित्तपोषित की जा रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा ऐसी कुल कितनी परियोजनाएं हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बताया है कि पिछले पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान शहरी विकास निधि (यूडीएफ) के तहत अनुमोदित परियोजनाओं के लिए 2,173.81 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

(ख): उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, यूडीएफ के अंतर्गत 22 परियोजनाएं कार्यान्वयन स्तर पर हैं। विवरण अनुबंध में दिया गया है।

*****

**'शहरी विकास निधि के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण को वितरित धनराशि' विषय पर 25 जुलाई, 2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 561 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**क. डीडीए द्वारा कार्यान्वित यूडीएफ के तहत चलाई जा रही परियोजनाओं का विवरण**

**(राशि करोड़ में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति तिथि | परियोजना/कार्यान्वयन एजेंसी | स्वीकृत वित्तपोषण पैटर्न | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | यूडीएफ से | डीडीए द्वारा | कुल |
| 1 | 14.07.2016 | नरेला में यूईआर-I पर फ्लाईओवर-सह-आरओबी का निर्माण | 349.77 (80%) | 87.44 (20%) | 437.21 (100%) |
| 2 | 06.08.2018 | नेहरू प्लेस जिला केंद्र का उन्नयन | 130.23 (80%) | 32.56 (20%) | 162.79 (100%) |
| 3 | 06.08.2018 | भीकाजी कामा प्लेस जिला केंद्र का उन्नयन | 58.03 (80%) | 14.51 (20%) | 72.54 (100%) |
| 3 क | 22.02.2022 | भीकाजी कामा प्लेस जिला केंद्र का उन्नयन (अतिरिक्त लागत) | 16.28 (80%) | 4.07 (20%) | 20.35 (100%) |
| 4 | 21.05.2019 | एयरपोर्ट अथॉरिटी के डिस्चार्ज हेतु द्वारका सेक्टर 8 में सीवर जलाशय निकासी का निर्माण | 70.85 (80%) | 17.71 (20%) | 88.56 (100%) |
| 5 | 28.01.2019 | सेक्टर-31, 32, 26 और 24 के जंक्शन से पूरक नाले, रोहिणी तक आउट फाल ड्रेन का निर्माण। | 95.46 (80%) | 23.86 (20%) | 119.32 (100%) |
| 6 | 20.09.2019 | द्वारका में 60 मीटर और 45 मीटर मास्टर प्लान रोड पर 4 फ्रंट ओवर ब्रिज का निर्माण (डीडीए) | 9.50 (80%) | 2.37 (20%) | 11.87 (100%) |
| 7 | 27.12.2019 | दिल्ली साइकिल मार्ग चरण-1, दक्षिण दिल्ली | 440.24 (80%) | 110.06 (20%) | 550.30 (100%) |
| 8 | 25.08.2021 | शहरी विस्तार सड़क (यूईआर-II/100 मीटर सड़क) का निर्माण एनएचएआई द्वारा किया जाएगा | 1786.88 (80%) | 446.73 (20%) | 2233.61 (100%) |
| 9 | 25.08.2021 | (क) यमुना नदी बाढ़ मैदानों का पुनरुद्धार और नवीकरण (वाईआरएफपी) | 355.22 (80%) | 88.81 (20%) | 444.03 (100%) |
| 10 | 25.08.2021 | (ख) यमुना नदी बाढ़ मैदानों का पुनरुद्धार और नवीकरण (वाईआरएफपी) | 387.92 (80%) | 96.98 (20%) | 484.90 (100%) |
| 11 | 04.11.2022 | किराड़ी से रिठाला, रोहिणी के पास पूरक नाले तक ट्रंक निकास का निर्माण। (डीडीए) | 211.60 (80%) | 52.90 (20%) | 264.50 (100%) |
| | | **कुल** | **3911.98** | **978.00** | **4889.98** |

<u>ख. एमसीडी द्वारा कार्यान्वित यूडीएफ के तहत चल रही परियोजनाओं का विवरण</u>

| क्र. सं. | स्वीकृति तिथि | परियोजना/कार्यान्वयन एजेंसी | स्वीकृत वित्तपोषण पैटर्न | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **यूडीएफ से** | **एमसीडी द्वारा** | **कुल** |
| 12 | 06.08.2018 | दिल्ली में सभी डीएमसी का संशोधित/कार्यक्षेत्र कवरेज के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडीएमसी) | 63.62 (80%) | 15.91 (20%) | 79.53 (100%) |
| 13 | 12.12.2019 | आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास कोष (यूडीएफ) के तहत एसडीएमसी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए परियोजना | 15.28 (90%) | 1.70 (10%) | 16.98 (100%) |
| 14 | 06-01-2020 | दक्षिण डी.एम.सी. के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए परियोजना | 17.53 (90%) | 1.95 (10%) | 19.48 (100%) |
| 15 | 22.02.2022 | एस.डी.एम.सी.(2) के विभिन्न क्षेत्रों में धूल से निपटने के उपाय उपलब्ध कराना तथा अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं को बढ़ाना | 65.36 (80%) | 16.34 (20%) | 81.70 (100%) |
| 16 | 06-08-2018 | दिल्ली के सभी डीएमसी में संशोधित/कार्यक्षेत्र कवरेज के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एनडीएमसी) | 48.41 (100%) | शून्य (0%) | 48.41 (100%) |
| 17 | 06.01.2020 | किशनगंज आरयूबी का चौड़ीकरण। | 39.02 (80%) | 9.75 (20%) | 48.77 (100%) |
| 18 | 04.11.2022 | दिल्ली के नरेला-बवाना में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्लू) से ऊर्जा उत्पादन सुविधा की स्थापना। | 120.80 (80%) | 30.20 (20%) | 151.00 (100%) |
| 19 | 04.11.2022 | सिटी एसपी क्षेत्र में निगम बोध घाट और बागदीवार (पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने) में बहुमंजिला कार पार्किंग का प्रावधान और स्थापना करना। | 13.71 (80%) | 3.43 (20%) | 17.14 (100%) |
| 20 | 12.12.2019 | ई.डी.एम.सी. में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए परियोजना। | 30.41 (100%) | शून्य (0%) | 30.41 (100%) |
| | | **कुल** | **414.14** | **79.28** | **493.42** |

**ग. पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्यान्वित यूडीएफ के तहत चल रही परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | स्वीकृति तिथि | परियोजना/कार्यान्वयन एजेंसी | स्वीकृत वित्तपोषण पैटर्न | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | यूडीएफ से | पीडब्ल्यूडी द्वारा | कुल |
| 21 | 10.10.2017 | मथुरा रोड, भैरों मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग के साथ एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर विकास योजना का निर्माण और प्रगति मैदान के नीचे भूमिगत सुरंग के माध्यम से मथुरा रोड को महात्मा गांधी मार्ग से जोड़ना | 738.53 (80%) | 184.63 (20%) | 923.16 (100%) |
| | | **कुल** | **738.53** | **184.63** | **923.16** |

**घ. डीजेबी द्वारा कार्यान्वित यूडीएफ के तहत चल रही परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | स्वीकृति तिथि | परियोजना/कार्यान्वयन एजेंसी | स्वीकृत वित्तपोषण पैटर्न | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | यूडीएफ से | डीजेबी द्वारा | कुल |
| 22 | 11.05.2017 | दिल्ली में परिधीय सीवर लाइनों का रीहैबिलिटेशन (अनुबंध/ पैकेज 5,6 और 7) | 186.06 (80%) | 46.52 (20%) | 232.58 (100%) |
| 22क | 02.11.2018 | दिल्ली में परिधीय सीवर लाइनों के पुनर्वास कार्य के लिए निगरानी एजेंसी के रूप में आईआईटी दिल्ली की नियुक्ति (पैकेज 5,6 और 7) | 3.71 (80%) | 1.00 (20%) | 4.71 (100%) |
| | | **कुल** | **189.77** | **47.52** | **237.29** |

*****